गौसेवा व पर्यावरण संरक्षण करना मानव धर्म : पवन महनोत

बीकानेर। रोटरी क्लब बीकानेर मिडटाउन की प्रेरणा से तेरापंथ महिला मंडल गंगाशहर द्वारा भीनासर गोचर भूमि में पेड़ पौधों में पानी देने के लिए 2 वाटर टैंक ड्रिपिंग सिस्टम के साथ का निर्माण करवाया गया है। इस प्रकल्प का उद्घाटन गंगाशहर तेरापंथ महिला मंडल अध्यक्ष ममता रांका, रोटरी क्लब बीकानेर मिडटाउन अध्यक्ष पवन महनोत द्वारा किया गया। सचिव घनश्याम रामावत ने बताया कि उद्घाटन अवसर पर गुलाब सोनी, रमेश भाटी, महेन्द्र रामावत, समाजसेविका सरिता देवी आंचलिया, मायादेवी स्वामी, गंगा देवी, राजश्री देवी, शिव गहलोत, रमेश गहलोत, जयराम फौजी, कैलाश सोलंकी, ताराचंद नोकवाल, योगेश गहलोत, विजेंद्र पंचारिया, रमेश चौधरी, अरिहंत सुराणा, देवकिशन गहलोत, शंभुदयाल परिहार, निर्मल शर्मा, रामप्रताप विश्नोई, बाबूलाल उपाध्याय, मनोज भाटी उपस्थित रहे। रामावत ने बताया कि उपरोक्त समाजसेवियों द्वारा इस गोचर भूमि पर पहले से ही करीब 500 पौधे लगाए जा चुके हैं तथा आगामी दिनों में 5000 पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

पेड़ पौधों में पानी देने के लिए 2 वाटर टैंक ड्रिपिंग सिस्टम शुरु किया।

जागरूकता के अभाव में अनेक छात्र रह जाते है छात्रवृत्ति से वंचित : श्रीगंगानगर, छात्रवृत्ति हो या वजीफा, दोनों का ही मुख्य ध्येय प्रतिभाशाली व जरूरतमंद विद्यार्थियों को आर्थिक लाभ पहुंचाना है। परंतु इस हाइटेक जमाने में भी बहुत से बच्चे ऐसे हैं जिन्हें या तो छात्रवृत्ति योजनाओं की पूरी जानकारी नहीं होती या सूचना देरी से प्राप्त होती है।

हालांकि केंद्र सरकार, राज्य सरकार व कई स्वायत्तशासी संस्थाओं द्वारा पूर्व निर्धारित शैड्यूल के अनुसार बहुत प्रकार की छात्रवृत्तियों के लिए आवेदन मांगें जाते हैं। हालांकि कोरोना के बाद विद्यार्थी और उनके अभिभावक मोबाइल व इंटरनेट के प्रयोग को लेकर काफी अपडेट हुए हैं। परंतु फिर भी यह संख्या एक विशेष तबके और क्षेत्र तक ही सीमित है।

सरकारी व गैर सरकारी छात्रवृत्तियों के लिए अधिकतर आवेदन शहरी क्षेत्र या आस-पास के इलाकों से ही होते हैं। इंटरनेट व मोबाइल की अनुपलब्धता भी इसका बड़ा कारण है। कई छात्रवृत्तियों में बच्चों के सरकारी स्कूलों की बाध्यता होती है। तो कइयों में आय, प्राप्तांक व अन्य दस्तावेजों की अनिवार्यता। छात्रवृत्ति के बारे में पहले से जागरूक विद्यार्थी ही इन सब अहर्ताओं को पूरा कर सही लाभ लेते हैं।प्रदेशभर के सरकारी स्कूलों में पढने वाले बहुत से बच्चे छात्रवृत्ति के आवेदन इसलिए नहीं कर पाते हैं कि उनके पास जरूरी दस्तावेजों की कमी रहती है। इसके साथ-साथ अभिभावकों व विद्यालय स्तर पर व्यस्तता के चलते और कागजी कार्यवाही को बोझ मानकर विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति आवेदन के लिए प्रोत्साहन का अभाव सा ही रहता है।

दसवीं की छात्राओं को भी मिलेगी साइकिल

हनुमानगढ़, कोरोना महामारी ने जीवन के हर क्षेत्र में टाइम टेबल एवं कार्यक्रम अस्त-व्यस्त कर दिए हैं। अब देखिए कि सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को साइकिल वितरित करने में इतनी देरी हुई है कि पहली बार कक्षा दसवीं की बालिकाओं को साइकिलें दी जाएंगी। दरअसल, कक्षा नौवीं में पढने वाली छात्राओं को साइकिलें दी जाती हैं। मगर पिछले शिक्षा सत्र में कोरोना के चलते पाठशालाएं बंद रही। ऐसे में साइकिलों का वितरण नहीं हो सका।

अब गत शिक्षा सत्र एवं चालू शिक्षा सत्र में नामांकित बालिकाओं को साइकिलें बांटी जाएंगी। पिछले शिक्षा सत्र में जो छात्राएं नौवीं कक्षा में थी, वे अब दसवीं में हो चुकी हैं। इस तरह अब शिक्षा सत्र 2020-21 तथा 2021-22 में कक्षा नौवीं में नामांकित बालिकाओं को साइकिलों का वितरण किया जाएगा। जिले में साइकिलें पहुंच चुकी हैं। फिलहाल उनके असेम्बलिंग आदि का कार्य चल रहा है। जल्दी ही विद्यालयों में साइकिलों का वितरण प्रारंभ होगा। जिले में लाभान्वित बालिकाओं की संख्या पांच से आठ हजार के बीच ही रही है। मगर इस बार यह संख्या लगभग दोगुनी है।

नाबालिग बच्ची ने घर में सुसाइड किया

बीकानेर। किसी घर में एक दुर्घटना हो सकती है दो हो सकती है लेकिन मौत डेरा ही डाल लें तो आखिर कोई करे तो क्या करें। बीकानेर के देशनोक में रैगर परिवार के साथ ऐसी ही अनहोनी एक के बाद एक होती जा रही है। परिवार की छोटी बेटी ने शनिवार रात फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। इससे पहले बड़ी बहन ने अपने ससुराल में सुसाइड कर ली तो एक विवाहित भाई की भरी जवानी में एक्सीडेंट में मौत हो गई। इलेक्ट्रिक उपकरण की मरम्मत करने वाले दीपाराम रैगर के घर में मौत का सिलसिला इन तीन भाई बहनों तक ही सीमित नहीं है बल्कि कैंसर से उनकी पत्नी भी कुछ महीने पहले दुनिया छोड़ चुकी है।

देशनोक के बाजार में इलेक्ट्रिक की दुकान चलाने वाले दीपाराम की महज 17 साल की बेटी रेखा ने शनिवार रात फांसी लगाकर सुसाइड कर ली। घर वालों को पता चला तो उसे अस्पताल भी ले गए लेकिन तब तक उसने दम तोड़ दिया था। नाबालिग की मौत के बाद से परिवार में मातम छाया हुआ है। पिता दीपाराम की आंखों से तो अब आंसू ही खत्म हो गए हैं। वो इतने आघात सहन कर चुका है कि उसकी आंख में शायद आंसू रहे ही नहीं।

सार-समाचार

अभियान 'मिलाप-2 शुरु

श्रीगंगानगर। पुलिस महानिदेशक राजस्थान जयपुर के आदेश से अभियान 'मिलाप-2' की पालना में अप्रेल से 30 नवंबर 2021 तक गुमशुदा नाबालिक बच्चों की तलाश के लिए संचालित विशेष अभियान 'मिलाप-2'के संबंध में स्टेक होल्डर की समन्वय बैठक का आयोजन सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन में हुआ। बैठक पुलिस अधीक्षक आंनद शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर बच्चों से सीधा जुड़े विभागों ने ऑपरेशन मिलाप को लेकर अपने विचार रखे। सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक आंनद शर्मा, पुलिस उप अधीक्षक सहीराम बिश्नोई, बाल कल्याण समिति सदस्य आंनद मारवाल, मानव तस्करी विरोधी यूनिट प्रभारी धर्मपाल सिंह, सहायक उपनिरीक्षक रामभज शर्मा ने संबोधित किया। इस अवसर पर पुलिसकर्मी जगजीत सिंह बुट्टर, चाइल्डलाइन के जिला समन्वयक त्रिलोक वर्मा, जिला किशोर विशेष पुलिस इकाई सदस्य विकास सचदेवा, पारुल भाटिया, रिजर्व पुलिस लाइन आरआई चंद्रकला, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पूर्ण घोड़ेला, बाल अधिकारिता विभाग से जितेंद्र वाजपेयी आदि उपस्थित रहें।

संगोष्ठी आज

बीकानेर । अणुव्रत समिति बीकानेर की ओर से अणुव्रत आन्दोलन को सुदृढ़ बनाने के लिए अणुविभा पदाधिकारी की टीम अणुव्रत सम्पर्क यात्रा के रूप में सोमवार को रामपुरिया मौहल्ला स्थित तुलसी साधना केन्द्र में संगोष्ठी का आयोजन किया गया है । समिति के अध्यक्ष झंवरलाल गोलछा ने बताया कि संगोष्ठी में समिति के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी को आमंत्रित किया गया।

आवेदन 30 तक

बीकानेर । प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी 2021-22 के लिए महाराजा गंगासिंहजी ट्रस्ट द्वारा बीकानेर संभाग के होनहार व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं,प्रतिभावान खिलाडियों तथा गरीब व जरुरतमंद व्यक्तियों,संस्थाओं तथा बीमार व्यक्तियों के ईलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिये आवेदन पत्र आमन्त्रित किए जा रहे हैं।

मोहनपुरा ने जीता नेशनल स्टाइल कबड्डी कप

श्रीगंगानगर। चूनावढ़ क्षेत्र के गांव 11 जी हार्निया स्थित गुरूद्वारा सत करतार साहिब में बंदी छोड़ दिवस के उपलक्ष में आयोजित गुरू गोविंद साहिब दो दिवसीय नेशनल स्टाइल कबड्डी कप प्रतियोगिता का समापन रविवार को समारोहपूर्वक हुआ। इस प्रतियोगिता में विनर मोहनुपरा की टीम रही जबकि उप विजेता हरियाणा के लाखन माजरा की टीम रही। विजेता टीम को 11 हजार व उपविजेता को 5100 का नकद ईनाम तथा चमचमाती ट्राफी आयोजकों की ओरसे भेंट की गई। समापन समारोह पर पंजाब के प्रसिद्ध स्टंट मैन की ओर से ट्रैक्टर के हैरतअंगेज स्टंट दिखाए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री जगदंबा अंध विद्यालय के संस्थापक व संचालक स्वामी ब्रह्मदेव ने विजेता व उपविजेता टीम को बधाई देते हुए खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया साथ ही युवाओं को ऐसे आयोजनों में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए ताकि युवा वर्ग नशों से दूर रहे। सेवादार जगसीर सिंह ने बताया कि इस दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में राजस्थान के अलावा पंजाब व हरियाणा की कुल 24 टीमों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि विजेता टीम को 11 हजार का नकद ईनाम सुखमणि होम्योपैथिक क्लीनिक पीलीबंगा के संचालक डॉ. राजविन्द्र सिंह की ओर से दिया गया जबकि उपविजेता टीम को 5100 का नकद ईनाम जश्नदीपसिंह बराड़ आस्ट्रेलिया वालों की ओर से दिया गया। इस मौके पर चैम्बर ऑफ कॉमर्स श्रीगंगानगर के अध्यक्ष बंशीधर जिंदल, गुरूद्वारा बुड्ढा जोहड़ के अध्यक्ष बलकरण सिंह, अंध विद्यालय परिवार के शिवम कोहली, गुरूद्वारा सत करतार साहिब के अध्यक्ष मनजीत सिंह खालसा, सहित बड़ी संख्या में सेवादार व ग्रामीण उपस्थित थे।

श्रीगंगानगर ने दिवसीय नेशनल स्टाइल कबड्डी कप प्रतियोगिता का समापन समारोहपूरक हुआ।

कचरे में पड़ी मिली अवधिपार दवाईयां

श्रीगंगानगर। जेल के समीप सिविल लाइन के चौराहे पर सडक़ किनारे कचरे में भारी संख्या में एक्सपायरी डेट की टेबलेट्स व आधे जले हुए कागजात मिले। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो दवाएं एक्सपायरी डेट की मिली।

जानकारी के अनुसार किसी व्यक्ति ने कचरे में भारी मात्रा में एक्सपायरी डेट की दवाएं व दो-तीन कट्टों में आधे जले कागज भरकर जेल के सामने चौराहे पर कचरे में डाल दिया था। जब लोगों ने भारी मात्रा में दवाओं ढेर लगा देखा तो मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी।

मामले की सूचना मिलने पर कोतवाली मौके पर पहुंच गई। जहां जांच की तो दवाएं एक्सपायरी डेट की मिली। इस दौरान वहां आसपास के लोग जमा हो गए। पुलिस ने लोगों को वहां से हटा दिया। बाद में पुलिसकमिर्यो ने मेडिकल वेस्ट उठाने वाली गाड़ी को सूचित किया। बाद में दवाओं को वहां से हटवा दिया गया। बताया जा रहा है कि दीपावली पर एक मेडिकल की दुकान के कबाड़ में आग लगी थी।

दस किलो डोडा पोस्त सहित विश्नोई तीसरी बार गिरफ्तार

श्रीगंगानगर। मादक पदार्थ तस्करी के आदतन आरोपी को जवाहरनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 10 किलोग्राम मादक पदार्थ डोडा डंठल पोस्त बरामद किया गया।

आरोपी के खिलाफ दर्ज मुकदमे की जांच एसपी आनंद शर्मा के निर्देश पर सदर थाना के एसआई महेंद्रसिंह को सौंपी गई है। सदर पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेशकर रिमांड पर लिया है। एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि ऑपरेशन प्रहार के तहत जवाहरनगर पुलिस ने साधुवाली के वार्ड एक निवासी 40 वर्षीय सतपाल बिश्नोई पुत्र प्रेमलाल को 4 नवंबर को 10 किलोग्राम डोडा डंठल सहित गिरफ्तार किया है।

एसएचओं नरेश निर्वाण ने बताया कि ड्यूटी अधिकारी एसआई के साथ कांस्टेबल चरणसिंह, अजय यादव, मुकेश कुमार तथा सुमन रानी की टीम ने गश्त के दौरान कालूवाला बाइपास रोड गांव साधुवाली के निकट आरोपी को काबू किया।

बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

श्रीगंगानगर। जिला कलक्टर जाकिर हुसैन ने कहा कि राज्य सरकार की भावना के अनुरूप प्रशासन शहरों के संग एवं गांवों के संग अभियान में आम नागरिकों को मौके पर ही समस्या का समाधान कर उन्हे लाभान्वित किया जाए।

जिला कलक्टर रविवार को कलैक्ट्रेट सभाहॉल में प्रशासन गांवों व शहरों के संग अभियान में अब तक की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक में आवश्यक निर्देश दे रहे थे। उन्होने कहा कि गांवों व शहरों में पात्रता के अनुसार अधिकतम पट्टे जारी किए जाए। शहरी क्षेत्र में नगर विकास न्यास व नगर परिषद व जिले की सभी नगरपालिकाएं पट्टे जारी कर आमजन को लाभान्वित करे। पट्टे जारी करने के साथ-साथ ही पंजीयन भी किया जाए । शिविरों में जरूरतमंद श्रमिकों को जॉबकार्ड भी जारी किए जाए।

जिला कलक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी व शिविर प्रभारी अपने कायी की साप्ताहिक समीक्षा करे। जिन बिन्दुओं या जिन कायी में प्रगति धीमी है, उस पर अधिक ध्यान दिया जाए, जिससे प्रगति आशानुकूल प्राप्त हो। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री स्तर पर अभियान की प्रगति की समीक्षा की जाती है। कोई भी अधिकारी अभियान को हल्के में न ले। पटवारी स्तर तक कायी का लक्ष्य निर्धारित कर बिन्दुवार प्रगति सन्तोषजनक होनी चाहिए।

अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) भवानी सिंह पंवार ने कहा कि शिविरों में जो अधिकारी अनुपस्थित रहते है उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए। उन्होने कहा कि इस अभियान की समय-समय पर समीक्षा होगी, जो अधिकारी कार्य प्रगति में पीछे रहेंगे, उन्हे कारण बताना होगा। उन्होने कहा कि उपखण्ड अधिकारियों व विकास अधिकारियों को क्लोज वॉच रखनी होगी। बैठक में नहीं आने वाले बीडीओ घडसाना व रायसिंहनगर को कारण बताओं नोटिस दिया जाएगा।

मनरेगा के तहत 5148.26 लाख रुपए के 538 कार्य स्वीकृत

बीकानेर। जिला कलेक्टर एवं महात्मा गांधी नरेगा योजना के जिला कार्यक्रम समन्वयक नमित मेहता ने मनरेगा के तहत जिले की नौ पंचायत समितियों के लिए 5148.26 लाख रुपए के 538 कार्यों की स्वीकृतियां जारी की है।

मेहता ने बताया कि इनमें पंचायत समिति खाजूवाला में 538.52 लाख रुपए के 56 कार्यों, बीकानेर में 230.47 लाख रुपए के 10, बज्जू खालसा में कार्य 805.44 लाख रुपए के 82, कोलायत में 397.95 लाख रुपए के 28, पांचू में 305.21 लाख रुपए के 35, पूगल में 855.45 लाख रुपए के 69, श्रीडूंगरगढ़ में 1359.34 लाख रुपए के 163, नोखा में 345.37 लाख रुपए के 74 एवं लूनकरनसर में 310.51 लाख रुपए के 21 कार्यों की स्वीकृतियां सम्मिलित हैं।

स्टूडेंट पर फायरिंग, एक के सिर व दूसरे के पैर में लगी गोली

बीकानेर। रासीसर गांव में दो भाईयों पर कुछ बदमाशों ने फायरिंग कर दी। इससे एक युवक के सिर में गोली लगी है जबकि दूसरे के पैर में। दोनों को गंभीर अवस्था में पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर पर में भर्ती कराया गया है जबकि बदमाशों की तलाश में पुलिस जगह-जगह दबिश दे रही है। घटना शनिवार रात की है, जिसके बाद से गांव में दहशत का माहौल है।

घायल युवकों में एक बीकानेर के डूंगर कॉलेज में सेकंड इयर का स्टूडेंट वीरेंद्र बिश्नोई है। वीरेंद्र ने रविवार सुबह पुलिस को दिए बयान में बताया कि वो अपने भाई विक्रम बिश्नोई के साथ एक मंदिर जा रहे थे। मंदिर के पास पहुंचे ही थे कि देखा कि मन्दिर के पास कुण्डा पर सुरेन्द्र मण्डा बैठा था जो हमारी निगरानी कर रहा था। जब में व विक्रम मन्दिर की फेरी देने लगे तो राजेन्द्र ने फोन कर, दो कैम्पर सफेद रंग की बुलाई तो ओमप्रकाश के टयूबैल की तरफ से दौ कैम्पर गाडी तेज गति से मन्दिर के आगे लेकर आया।

कैम्पर में से बनवारी,ओमप्रकाश, सुनिल उर्फ किलिया, भंवरलाल, रामचन्द्रा, धीरज,राजेन्द्र, सुरेन्द्र, विजय उर्फ बिला निवासी जेडी मगरा नीचे उतर कर हमारी तरफ आये। बनवारीलाल, राजेन्द्र ,भंवरलाल के हाथों में बन्दुक व पिस्तौल थी। आरोप है कि इन्हीं तीनों ने फायर किए जो दोनों भाई को लगे। इसमें वीरेंद्र के सिर में गोली लगी जबकि छोटे भाई के पैर में एक गोली लगी। इसके अलावा तलवार और बंदूक के बट से भी हमले किए गए। इसके बाद दोनों भाईयों ने अपने पिता को फोन किया। पिता भूपराम के आने पर फिर से फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद अनजान घरों में घुसकर जान बचाई। इस दौरान वीरेंद्र व विक्रम की गाड़ियों को तोड़ दिया। पुलिस ने हत्या का प्रयास करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दीपावली स्नेह मिलन आयोजित

श्रीगंगानगर। सूचना केन्द्र में रविवार को पत्रकरों की ओर से दीपावली स्नेह मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम में नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती करूणा चांडक भी मौजूद रही। स्नेह मिलन कार्यक्रम में अधूरे प्रेस कूब, पत्रकारों के पेंशन में आयु को कम करने सहित पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा व समाधान के उपाय पर विस्तृत बातचीत हुई।

स्नेह मिलन में कविता-पाठ, व्यंग्य प्रस्तुत किए गए। पत्रकारों में गोविन्द गोयल, भीम शर्मा, मनोज तिवाडी, कैलाश दिनोदिया, राजेन्द्र कुमार शर्मा, राजेश अरोडा, रणदीप राणा, कृष्ण आसेरी, नरेश पारीक, शिशपाल तेंहरपुरिया, सुमित भाटिया, राकेश मितवा, दीपक अरोड़ा, दीपक डूडेजा, मुकेश शर्मा, लक्ष्मण सिंह, अरिहन्त जैन सहित सूचना केन्द्र के सहायक सूचना एवं सम्पर्क अधिकारी रामकुमार राजपुरोहित सहित मीडिया जगत के पदाधिकारी उपस्थित थे।

रीट 2018 में नव चयनित शिक्षकों को 10 माह बाद भी नहीं मिली नियुक्ति

- **रेसटा ने की सीएम व शिक्षा मंत्री से जल्द नियुक्ति दिलवाने की मांग**

बीकानेर। शिक्षक संघ एलिमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने बताया कि रीट 2018 की वरीयता सूची आए करीब 10 माह हो गए हैं। कोर्ट में मामला अटका होने के कारण अभी तक नियुक्ति नहीं हो पाई है जिससे नव चयनित शिक्षकों को मानसिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मोहर सिंह सलावद ने राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और शिक्षा मंत्री गोविंदसिंह डोटासरा पत्र भेजकर बताया की आपके प्रयासों से वरीयता सूची जारी हुई थीं। नव चयनित शिक्षकों की 12 नवंबर को होने वाली सुनवाई में एजी साहब से मजबूत पैरवी करवा कर जल्द नियुक्ति दिलवाने के प्रयास किए। नव चयनित शिक्षकों ने दो वर्ष तक सूची आने का इंतजार किया और अब 10 माह से नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं। लेवल फर्स्ट में करीब 900 और लेवल सेकंड में करीब ढाई हजार शिक्षकों का चयन हुआ था लेवल सेकंड में आधे से ज्यादा शिक्षकों को नियुक्ति भी मिल गई है बाकी 10 प्रतिशत लोग नियुक्ति के बिना रह रहे हैं। इसलिए संघ की मांग है की 12 नवंबर को होने वाली सुनवाई में एजी साहब से मजबूत पैरवी करवा कर नियुक्ति दिलवाई जाएं।

नियुक्ति की मांग को लेकर चयनित शिक्षक करीब चार माह से बीकानेर निदेशालय के सामने व एक माह से शहीद स्मारक जयपुर में धरना दे रहे है,फिर भी नियुक्ति नहीं हुई व सरकार व विभाग की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है इसलिए संघ की मांग है की अब इनकी जल्दी से जल्दी नियुक्ति दिलवाकर इन्हें राहत प्रदान करें।

नीलगाय को गोली मारकर शिकार किया

श्रीगंगानगर, घमूड़वाली थाना क्षेत्र के गांव 65 एलएनपी के नजदीक अज्ञात शिकारियों ने नीलगाय का गोली मारकर शिकार कर लिया। इससे वन्य जीव प्रेमियों में भारी रोष है। शिकारियों द्वारा वन्य जीव रक्षक चौकी से कुछ ही दूरी पर बिना किसी भय से गोली चलाकर नीलगाय का पहले शिकार किया व फिर घायल नीलगाय का गला रेत डाला। जीव प्रेमियों की सूचना पर अलसुबह ही रायसिंहनगर वन विभाग की टीम मौके पहुंची। मौके पर वन विभाग की टीम को मृत नीलगाय का कटा हुआ गला व घटनास्थल से एक मोबाइल बरामद हुआ। जैसे ही मृत नीलगाय के पोस्टमार्टम के बाद वन विभाग टीम दफनाने लगे वन्यजीव प्रेमी आरोपी शिकारियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। उन्होंने मांग की कि घटना स्थल से बरामद मोबाइल के आधार पर आरोपी को ट्रेस कर गिरफ्तार की जिद पर अड गए। जिस पर घमूड़वाली थानाधिकारी पवनकुमार शर्मा ने वन्यजीव प्रेमियों से समझाइश की।

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN-L65910KL1992PLC006623, IV/470A (old) W638A(New), Manappuram House, Valapad, Thrissur, Kerala - 680 567.

नीलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 22.11.2021 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा। हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

बीकानेर, आदर्श कॉलोनी, 117680700019605, 9617, 117680700020052, 0259, 0267, 0288, 0351, 0415, 0438, 0457, 0463, 0483, 0493, 0499, 0679, 0689, 0705, 0712, 0720, 0736, 0744, 0746, 0751, 0767, 0770, 0771, 0772, 117680730031470, 1906, 2037, 2039, 2330, 2331, 2432, 2435, 2893, 3107, 3186, 5928, 6362, 6394, 7374, 8054, 8652, 117680730040180, 0247, 0254, 0255, 0347, 0400, 0450, 0550, 0567, 0570, 0619, 0629, 0630, 0631, 0632, 0723, 0724, 0751, नोखा, 135170700009919, 135170700010292, 0334, 0452, 0465, 0470, 0550, 0742, 0786, 0789, 0790, 0793, 0799, 0807, 0820, 0823, 0824, 0838, 0839, 0842, 0843, 0844, 0861, 0862, 0864, 0888, 0891, 0893, 0919, 0926, 0929, 135170730026122, 6462, 8777, 9043, 9143, 9299, 9407, 9430, 9617, 9680, 9684, 9708, 9886, 135170730030268, 0427, 1612, 1785, 1789, 1797, 1816, 1817, 1864, 1894, 1941, 2024, 2051, 2083, 2092, 2095, 2172, 2174, 2193, 2194, 2220, 2263, पंच शती सर्कल, 115300700022721, 2878, 3080, 3169, 3442, 4459, 4465, 4472, 4477, 4487, 4488, 4490, 4493, 4497, 4511, 4517, 4520, 4528, 4531, 4533, 4534, 4540, 4541, 4542, 4546, 4548, 4549, 4550, 4556, 4557, 4558, 4559, 4560, 4564, 4577, 4585, 4587, 4590, 4591, 4602, 4604, 4605, 4609, 4627, 4628, 4635, 4636, 4638, 4639, 4641, 4655, 115300730034733, 115300730040751, 1687, 1878, 2445, 3017, 3399, 3730, 6854, 6855, 7345, 8241, 8825, 115300730051308, 1581, 3567, 7220, 7459, 7497, 7614, 7907, 8073, 8184, 8185, 8253, 8281, 8347, 8467, 8488, 8501, 8503, 8556, 8616, 8618, 8637, 8762, 8999, 9000, 9069, 9075, 9136, 9235, 9236, 9323, 9347, 9432, 9443, 9493, 9499, 9510, 9541, 9542, 9543, 9544, श्री डुंगरगढ, 135300700008908, 9180, 9190, 9366, 9501, 9561, 9661, 9716, 9719, 9744, 9746, 9784, 9789, 9807, 9837, 9910, 9937, 135300700010027, 0049, 0204, 0206, 0209, 0216, 0218, 0223, 0226, 0228, 0229, 0232, 0240, 0247, 0249, 0261, 0264, 0270, 0272, 0276, 0281, 0283, 0290, 0293, 0295, 0296, 0298, 0302, 0309, 135300730021169, 4314, 4800, 4860, 5043, 6090, 6406, 6423, 6613, 6831, 7108, 7113, 7638, 7674, 7678, 7719, 7969, 8557, 8558, 8559, 8836, 8959, 135300730030127, 0201, 0209, 0230, 0267, 0272, 0327, 0328, 0337, 0349, 0371, 0488, 0490, 0492, 0498, 0499, 0526, 0590, 0617, 0674, 0675, 0676, 0677, 0678, 0679, 0680, 0690, 0700, 0730, 0736, 0740, 0783, 0786, 0792, गंगानगर, रायसिंह नगर, 135100700025369, 5662, 5736, 5775, 6806, 6815, 6999, 7139, 7287, 7359, 7475, 7479, 7603, 7604, 7691, 7772, 7853, 7878, 8020, 8329, 8507, 8513, 8532, 8550, 8557, 8566, 8569, 8572, 8577, 8597, 8599, 8608, 8610, 8611, 8614, 8615, 8629, 8631, 8642, 8647, 8648, 8675, 8702, 8710, 8711, 8725, 8735, 8743, 8768, 8780, 8784, 8789, 8801, 8804, 8805, 8820, 8823, 8824, 8827, 8834, 135100730017806, 7846, 7966, 8392, 8413, 8541, 9025, 9115, 9407, 135100730022289, 3714, 3801, 3868, 3913, 3918, 4229, 4543, 6570, 6571, 6637, 6639, 6700, 6701, 6702, 6703, 6732, 6756, 6983, 7140, 7141, 7142, 7143, 7144, 7257, 7302, 7307, 7379, 7380, 7404, 7410, 7411, 7419, 7460, रविन्द्र पथ, 117420700029733, 9886, 117420700030729, 0768, 0917, 0919, 0933, 0996, 1075, 1166, 1170, 1197, 1805, 1815, 1822, 1828, 1834, 1835, 1839, 1840, 1846, 1852, 1869, 1882, 1884, 1888, 1891, 1905, 1933, 1938, 1941, 1943, 1959, 1991, 117420730020547, 0548, 1178, 1231, 1661, 2145, 2545, 2644, 7041, 9647, 9742, 9829, 9831, 9899, 9939, 9950, 9977, 117420730030018, 0023, 0024, 0045, 0074, 0092, 0114, 0154, 0155, 0156, 0161, 0337, 0381, 117420780000003, सुखाड़िया सर्कल, 117490700017689, 8201, 8464, 8490, 8760, 8769, 8778, 8792, 8807, 8817, 117490730013550, 3572, 3573, 4328, 4451, 6434, 6451, 6452, 6453, 6481, 6483, 6546, 6609, 6611, 6641, 6668, 6669, 6685, 6702, 6703, 6717, 6770, 6778, 6779, 6830, 6831, 6838, 6863, 6908, 6918, 6922, 6949, 6958, 6979, 7017, 7018, 7019, 7029, 7036, सूरतगढ राजस्थान, 135560700014096, 5816, 5890, 5891, 6054, 6190, 6234, 6455, 6503, 6716, 7015, 7084, 7179, 7333, 7393, 7419, 7544, 7604, 7616, 7624, 7628, 7664, 7700, 7706, 7713, 7718, 7724, 7739, 7784, 7814, 7819, 8243, 8253, 8257, 8259, 8262, 8276, 8282, 8286, 8287, 8289, 8294, 8295, 8311, 8312, 8314, 8321, 8335, 8344, 8362, 8364, 8365, 8372, 8381, 8386, 8390, 8398, 8408, 8409, 8418, 8421, 135560730021928, 2655, 2670, 2671, 3538, 4693, 4776, 5184, 6542, 6596, 8227, 8309, 135560730030311, 0386, 0458, 0640, 0670, 0751, 1074, 2487, 3321, 6175, 6176, 6197, 6267, 6329, 6355, 6423, 6450, 6540, 6605, 6677, 6756, 6765, 6766, 6768, 6772, 6932, 6940, 6942, 6998, 7008, 7010, 7042, 7098, 7099, 7105, 7308, 7360, 7361, 7381, 7382, 7442, 7470, 7471,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 9072604049 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

एक पारी वाले स्कूल 10 से 4 बजे तक संचालित होंगे

बीकानेर, । राज्य में सर्दी के बीच स्कूलों के समय में भी सोमवार से बदल जाएगा। राज्य सरकार ने इस बार काफी देर से स्कूलों का समय बदला है। सोमवार को दीपावली के बाद फिर से स्कूल खुलेंगे। एक पारी स्कूल का समय सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक का होगा। वहीं, दो पारी वाले स्कूल सुबह साढ़े सात बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक संचालित होंगे।

शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि जो स्कूल कक्षा एक से बारह तक हैं। उनमें पहली पारी में कक्षा नौ से बारह के बच्चे आएंगे। दूसरी पारी में कक्षा एक से आठ तक के स्टूडेंट्स आएंगे। वहीं, जो स्कूल कक्षा छह से बारह तक हैं और दो पारी में चल रहे हैं। वहां कक्षा नौ से बारह के स्टूडेंट्स प्रथम पारी में और कक्षा 6 से 8 के स्टूडेंट्स दूसरी पारी में आएंगे। इसके अलावा जिस बिल्डिंग में एक के बजाय दो स्कूल चल रहे हैं। वहां सुबह की पारी का समय साढ़े सात से बारह और साढ़े बारह से साढ़े पांच बजे तक रहेगा।

आदेश के मुताबिक, अगर स्कूल कक्षा नौ से बारह है और दो पारी में संचालित हो रहे हैं तो यहां भी पहली पारी में कक्षा 11 व 12 के स्टूडेंट्स को आना होगा। इसी तरह सेकेंडरी स्कूल में भी बड़ी कक्षाएं सुबह की शिफ्ट में और छोटे बच्चे दोपहर की शिफ्ट में आएंगे। सर्दी में एक पारी स्कूल में आधा घंटे ज्यादा पढ़ाई होती है। आमतौर पर जिन स्कूलों में 35 मिनट का प्रत्येक पीरियड होता है। वहां अब चालीस मिनट के पहले 6 पीरियड होंगे, जबकि अंतिम दो पीरियड 35-35 मिनट के होंगे। एक पारी स्कूल सर्दियों में छह घंटे चलते हैं, जबकि आमतौर पर साढ़े पांच घंटे ही स्कूल होता है।

लॉटरी 17 को : बीकानेर, महात्मा गांधी गवर्नमेंट अंग्रेजी मीडियम स्कूलों की प्री-प्राइमरी कक्षाओं में एडमिशन के आवेदन 8 नवंबर से शुरू होंगे।राज्य के 33 जिला मुख्यालयों में स्थित महात्मा गांधी गवर्नमेंट अंग्रेजी मीडियम स्कूलों की प्री-प्राइमरी कक्षाओं में एडमिशन के आवेदन 8 नवंबर से शुरू होंगे। पेरेंट्स 15 नवंबर तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदनों की सूची 16 नवंबर को संबंधित स्कूल में चस्पा की जाएगी। निर्धारित सीटों से अधिक आवेदन होने पर 17 नवंबर को लॉटरी निकाली जाएगी।

किसानों को पराली नही जलाने के लिए प्रेरित कर रहा है कृषि विभाग

हनुमानगढ़। धरती की गोद में हमें सबकुछ मिलता है। हमारा फर्ज भी बनता है कि हम बेटों की तरह धरती की हिफाजत करें। कुछ इसी तर्ज पर कृषि विभाग जिले में किसानों को पराली नहीं जलाने के लिए प्रेरित कर रहा है। हनुमानगढ़ जिले की बात करें तो रिमोर्ट सेसिंग से 15 सितम्बर से एक नवम्बर 2021 तक 315 जगह खेतों में धान की पराली जलाने की घटना दर्शाई गई है। जबकि 80 घटनाएं रिकॉर्ड की जा चुकी है। जिला कलक्टर ने पर्यावरण प्रदूषण को देखते हुए किसानों से आग्रह किया है कि वह फसल अवशेष के रूप में बचे पराली को खेतों में नहीं जलाएं। फसल अवशेष का प्रबंधन करने की सलाह दी है। जिससे पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। कृषि विभाग के उप निदेशक दानाराम गोदारा की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि ग्रीन ट्रिब्यूनल के निणय्य की पालना में किसानों से लगातार समझाइश कर उन्हें पराली नहीं जलाने के लिए प्रेरित किया।

उपासक साधना केंद्र का शुभारंभ

बीकानेर में उपासक साधना केन्द्र का शुभारंभ हुआ।

बीकानेर। गुरुदेव तुलसी मानवता के मसीहा और युग की नब्ज को पकड़कर उसी अनुरूप समाधान देने में माहिर थे। जब उन्हे लगा कि जन जन तक नैतिकता, आध्यात्मिकता और धर्म का तत्व केवल साधु साध्वी या समण समणी के द्वारा पर्याप्त गति से नही पहुंच पा रहा है तो उन्होंने इस उपासक श्रेणी का प्रारंभ किया और वर्तमान में यह जैन श्वेतांबर तेरापंथी महासभा का एक महत्वपूर्ण प्रकल्प उपासक श्रेणी और इससे जुड़े हुए साधक गण स्वयं अपनी साधना के साथ जन जन के आत्म कल्याण की दिशा में निरंतर प्रगतिशील है। तुलसी समाधि स्थल पर इस महनीय प्रकल्प का शुभारंभ इस समूचे गंगाशहर क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा । ऐसी हमारी शुभ मंगल कामना है । उपरोक्त विचार शांति निकेतन सेवा केंद्र व्यवस्थापिका साध्वी पावन प्रभा ने नैतिकता की शक्तिपीठ पर आयोजित कार्यक्रम में रखे ।

उपासक प्राध्यापक निर्मल नौलखा ने तेरापंथी महासभा से संबद्ध इस उपासक साधना केंद्र के शुभारंभ को व्यक्ति व्यक्ति के ज्ञान दर्शन और चारित्र के विकास में सहयोगी भूमिका निभाने वाला बतलाया । युवकरत्न और उपासक राजेंद्र सेठिया ने गुरुदेव तुलसी को राष्ट्र संत और दूरगामी सोच का महापुरुष बतलाते हुए उनके अवदानों को जन हितकारी और कल्याणकारी बतलाया ।

उपासक श्रेणी के संयोजक सूर्य प्रकाश सामसुखा ने उपासक साधना केंद्र की लंबे समय से जरूरत महसूस करने और फिर इस पुण्य और पवित्र स्थली आचार्य तुलसी शांति प्रतिष्ठान में इसके शुभारंभ होने को अपने आप में सौभाग्य वर्धक बतलाया। इस केंद्र को यहां तुलसी समाधि स्थल पर आने वाले रहने वाले सभी उपासकों के लिए तमाम प्रकार की व्यवस्थाओं में उदार भाव से पूरा सहयोग करने के लिए आचार्य तुलसी शांति प्रतिष्ठान का आभार व्यक्त किया।